


MPHIN/2009/34626


# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 69 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 15 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....






MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 69 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 15 नवंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

# प्रदेश के सर्वांगीण विकास का संकल्प है भाजपा का घोषणा पत्र - आलोक

**किसानों को धान का 31 सौ रूपये एवं गेहूँ का 27 सौ रूपये प्रति क्विंटल मिलेगा समर्थन मूल्य लाड़ली बहनों को आवास एवं रोजगार के अवसर दिये जायेंगे**

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा 2023 विधानसभा चुनाव को लेकर जारी घोषणा पत्र सर्व समाज के लिए जनहित का है जिसमें युवाओं महिलाओं गरीब किसानों एवं शिक्षा स्वास्थ्य एवं जनता की अन्य समस्याओं के लिए ध्यान में रखकर बनाया गया है। मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही इस घोषणा पत्र पर शीघ्र सरकार योजना बनाकर धरातल पर उतरेगी। पार्टी का यह घोषणा पत्र सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। इस आशय की बात भाजपा के संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे द्वारा कही गई।

भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने पार्टी के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के नए परिसर का होगा निर्माण। भोपाल एवं इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में कमिश्नर प्रणाली लागू करेंगे।

श्री दुबे ने कहा कि, भाजपा मध्य प्रदेश की मजबूतआधारभूत संरचना के लिए संकल्पित है। अटल गृह ज्योति योजना के तहत 100 रूपये में 100 यूनिट बिजली। 6 नए ऐ सप्रेस वे के साथ 80 रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तर आधुनिकीकरण होगा। साथ ही जनजातीय कल्याण, भाजपा का अभिमान÷ जनजातीय भाई - बहनों के कल्याण के लिए दृढ़ संकल्पित भाजपा सरकार तेंदूपत्ता खरीदी करेंगे 4000 प्रति बोरा।सिवनी की तरह एसटी बहुल मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट एवं सीधी में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण किया जायेगा।

**जिला अध्यक्ष श्री दुबे ने कहा कि भाजपा सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश÷**

महिलाओं के आर्थिक। सशक्तिकरण के लिए कटिबद्ध है। लाड़ली बहनों को आर्थिक मदद के साथ मिलेगा पक्का मकान। उज्जवला और लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी बहनों को 450 रूपये में मिलेगा रसोई गैस सिलेंडर।

श्री दुबे ने कहा कि हम किसानों और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए निरंतर आगे बढ़ रहें हैं। गेहूं और धान की रुक्कपर बोनस की व्यवस्था होगी। 2,700 रूपये प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीदा जाएगा। 3,100 रूपये प्रति क्विंटल पर धान की खरीद होगी। किसान स मान निधि और किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को 2,000 रूपपे प्रतिवर्ष दिये जायेंगे।

श्री दुबे ने कहा कि उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा÷ युवाओं के सुरक्षित और उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार। हर संभाग में IIT की तर्ज पर बनेगा मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ टे नोलॉजी की स्थापना करेंगी।

श्री दुबे ने कहा कि हमारा संकल्प है कि, हर परिवार में कम से कम एक सदस्य को मिलेगा रोजगार/स्वरोजगार का अवसर। जन-जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज स्थापित करके 5 वर्षों में और 2000 सीटें जोड़ेंग। प्रत्येक जिले में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करेंगे प्रगतिशील अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास÷मध्य प्रदेश में आर्थिक विकास की र तार बढ़ा रही भाजपा सरकार। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अगले 7 वर्ष में 45 लाख करोड़ की बनाएंगे। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के साथ ही 20 लाख करोड़ के निवेश लाये जायेंगे।

श्री दुबे ने कहा कि, ÷सबका साथ, सबका विकास÷ मंत्र को साकार कर रही भाजपा सरकार, 5 वर्षों तक गरीब कल्याण अन्न



योजना से गरीब परिवार को मु त राशन मिलेगा जोगी 80 करोड लोगों को इस योजना का फायदा होगा हमारी सरकार गरीब कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर विकास की दिशा से जुड़ा है यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। हर परिवार को घर देने के लिए PMAY के साथ ही 'मु यमंत्री जन आवास योजना' शुरु की जाएगी। भाजपा जो कहती है वह करती है और कथनी में कोई अंतर नहीं है। यह महज धोषणा पत्र नही हमारा संकल्प है जो सरकार बनने पर हर गरीब के लिए योजनाओं के साथ एक धरातल पर उतर जाएगा विकास का पर्व आगे तक बढ़ता रहे यही भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा है।


## 17 नवंबर को सामान्य अवकाश घोषित

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के मतदान दिवस 17 नवंबर 2023 (शुक्रवार) को संपूर्ण मध्यप्रदेश में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

अनेक व्यापारिक संगठनों ने भी अपने यहाँ नियमित कार्य करने वाले कर्मचारियों को देने की घोषणा की है और आमजनता से अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह किया है।

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन फिल्म अभिनेता रवि किशन व सुनील लहरी के साथ नगर मे करेंगे रोड शो

सिवनी यशोः- आज बुधवार



15 नवंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन नगर मे अभिनेता रवि किशन एवं सुनील लहरी के साथ रोड शो कर जन आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। बुधवार दोपहर 01:00 बजे भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन बाहुबली लान विधानसभा चुनाव कार्यालय से फिल्म अभिनेता एवं गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन एवं प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण मे भगवान राम के अनुज भ्राता श्री लक्ष्मण जी का किरदार निभाने वाले सुनील लहरी के साथ रोड शो करते हुए नगर के कचहरी चौक, बड़ा मिशन स्कूल, गणेश चौक, छोटा मिशन स्कूल, जैन मंदिर, शुक्रवारी, नेहरू रोड, गिरजा कुंड, नगर पालिका चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, बस स्टैण्ड, मालू पेट्रोल पंप, पोस्ट आफिस, जनपद, कचहरी चौक होते हुए पुनः बाहुबली लान पहुंचेगे। रोड शो के दौरान दिनेश राय मुनमुन आमजन से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर सभी से उपस्थिति का आग्रह है।

# भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने अनेक स्थानों पर किया नुक्कड़ सभा

सिवनी यशोः- मंगलवार14 नवंबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ नगर में जनसंपर्क कर मतदाता से आशीर्वाद प्राप्त प्राप्त किया।आज भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने नगर के अनेकों स्थानों पर जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। तथा मतदाता बंधुओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं बडी सं या मे मतदाता बंधुओं की उपस्थिति रही। श्री राय ने अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकारों ने जनता की हर तरह से चिंता की है सीधे जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक मदद देने के साथ आमजनों की सुविधा के लिये विकास के काम किये है भारतीय संस्कृति के गौरव को स्थापित करने का काम किया है।



इसके साथ ही जब विश्व कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहा था तब भाजपा की सरकार ने भारतीय संस्कारों का परिचय देते हुये विश्वकल्याण के भाव का परिचय देते हुये विश्व के अनेक देशों को दवाओं सहित अन्य मदद देकर अपनी सहृदयता का प्रस्तुतिकरण किया। भाजपा के विराट स्वरूप को देखकर विश्व ने भारत की मुक्त कंठ से प्रशंसा की आज भारत का विश्व में स मान बढ़ा है। भ्रष्टाचार, घोटालों, आतंकी गतिविधियों की बीमारी का समूल नाश किया है। भाजपा के नेताओं ने अपने जनसंपर्क के दौरान भाजपा को विजयी बनाने की अपील की।

## कांग्रेस की चुनावी रैली आज

सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा कांग्रेस युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी के समर्थन में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दिनांक 15 /11/2023 दिन बुधवार को सुबह 10 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन से विशाल रैली निकाली जायेगी। रैली बाहुबली चौक से मिशन स्कूल के सामने, गणेश चौक होते हुए शुक्रवारी से गिरजाकुंड से दुर्गाचौक से मठमंदिर होते हुए छिन्दवाड़ा चैक पंहुचेगी जहॉ आम सभा रखी गयी है, आम सभा को आनंद पंजवानी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ जन स बोधित करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला कांग्रेस पदाधिकारी, सभी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गण, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कांग्रेस जन व आम नागरिक जनों से आनंद पंजवानी के समर्थन में निकाले जाने वाली रैली एवं आम सभा को सफल बनाने उपस्थिति हेतु अपील की है।

# मतदान को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण

## प्रेक्षकों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक संपन्न

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 आगामी 17 नव बर को मतदान दिवस के पूर्व की तैयारियों को लेकर कले ट्रेट सभाकक्ष में सामान्य एवं व्यय प्रेक्षकों के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक घनश्याम दास एवं एम.एल.चौहान, व्यय प्रेक्षक मनिंदर कुमार, स्पनिल साहेबराव पवार तथा पुलिस प्रेक्षक अजय कुमार सहित कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी सी एल चिनाप सहिंत सभी रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने मतदान दिवस के लिए की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि जिले में निष्पक्ष शांतिपूर्ण मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जिले की अंतर जिला एवं अंतर राज्यीय सीमाओं में निगरानी दल आवाजाही करने वाले वाहनों की संघन जांच की जा रही है। इसी तरह ह रिटर्निंग अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में



सतत निगरानी के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हांकित किये गये संवेदनशील मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग के माध्यम से नजर रखी जायेगी। साथ ही ईवीएम के परिवहन में संलग्न किये गये वाहन की जीपीएस के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने अवगत कराया कि जिले में पर्याप्त सं या में सुरक्षा दल तैनात रहेगा, साथ ही साथ अंतराज्यीय एवं अंतर जिला चेक पोस्ट में बल की सं या बढा दी गई है। उन्होंने बताया कि हर थाना क्षेत्र में पुलिस मोबाईल की व्यवस्था के साथ ही साथ होमगार्ड के दल को भी संलग्न किया गया है।

पुलिस प्रेक्षक श्री अजय कुमार ने तैयारियों को संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान दिवस के पूर्व के 72 घंटे अतिमहत्वपूर्ण होते हैं। जिले मे शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराने के लिए आयोग के निर्देशानुसार चेकपोस्टों में सघन जांच कार्यवाही नियमित रखी जाये, साथ ही साथ प्रत्येक थाना क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्रों में निगरानी रखी जाये। सामान्य प्रेक्षक घनश्याम दास एवं एम.एल.चौहान ने अधिकारियों से राजनीतिक दलों की शिकायतों का अवलोकन कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी तरह व्यय प्रेक्षक मनिंदर कुमार, स्पनिल साहेबराव पवार ने सीविजिल या अन्य शिकायत सेल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

# हर्षोल्लास से मनायी गयी दिवाली

छपारा यशोः- दीपावली का त्यौहार इस बार मक्के की फसल देरी से आने के बाद भी व्यापारियों के लिए






खुशखबरी लेकर आया।

नगर में दीपावली की त्यौहारी खरीद एवं अन्य सेवाओं के जरिए बाजार में रौनक आई। नगर के कपड़ा व्यवसायी ने बताया कि दिवाली के इस अवसर पर व्यापारिक समुदाय को वित्तीय संकट से उबरने की उ मीद है।

दीपावली की त्योहारी खरीदी उत्सव नवरात्रि के दिन 15 अ टूबर से शुरू हुआ, दीपावली के बाद भी खरीदारी उत्सव तुलसी विवाह के दिन 27 नवंबर तक चलेगा।

वही धनतेरस से ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी वाहन खरीदी को लेकर लोगो में रुझान देखा गया, नवरात्रि की अवधि से ही दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई।

वही देखा गया कि भारत में निर्मित उत्पादों विशेष रूप से घर की सजावट के सामान, दीवाली पूजा के सामान जिसमें मिट्टी के दीये, देवता, दीवार पर लटकने वाले, हस्तशिल्प के सामान, शुभ-लाभ, ओम जैसे पारंपरिक सौभाग्य के प्रतीक, देवी लक्ष्मी एवं श्री गणेश जी की पूजा का सामान, घर की सजावट का सामान जो स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और कुशल कलाकारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को देश भर के बाजारों में बड़ा व्यापार दिया।

इसके साथ ही उपभोक्ता वस्तुएं, खिलौने, इले ट्रॉनि स, बिजली उपकरण और सामान, रसोई के सामान और अन्य उपकरण, उपहार की वस्तुएं, व्यक्तिगत उपभोग्य वस्तुएं, मिष्ठन्न-नमकीन ,होम फर्निशिंग, कपड़ा, रेडीमेड वस्त्र, फैशन परिधान, कपड़ा, बर्तन, जूते, घड़ियां, फर्नीचर और फि स वस्त्र, वस्त्र, सौंदर्य प्रसाधन, सौंदर्य उत्पाद, मोबाइल और उसके सहायक उपकरण, लकड़ी और प्लाईवुड, पेंट और कांच, दूध और दूध उत्पाद, डेयरी उत्पाद, किराना, खाद्यान्न, खाद्य तेल, दालें, साइकिल और उसके सामान, दीवार घड़ियां गोटा-जरी, साड़ी और ड्रेस मटेरियल आदि क्षेत्रों में व्यापार हुए हैं।

दीपावली के त्यौहार में देखा गया चुनावी रंग वही दीपावली के अवसर डाली जाने वाली रंगोली में प्रदेश में आगामी दिनों में होने वाले विधान सभा चुनाव का रंग देखने को मिला जिसमे महिलाओं के द्वारा अपना समर्थन रंगोली के माध्यम से दिखाने का मौका मिला इस रंगोली के माध्यम से प्रदेश और अपने आसपास के स्थानीय मुद्दों को साकार किया गया है। कुछ महिलाओ ने दीपवली पर कमल की मेंहदी अपने पतियों के हाथों में सजाई तो किसी ने रांगोली में पंजा और कमल बनाये।

## जबरन नॉलेज




# कमल मर्सकोले को मिल रहा बरघाट विधानसभा की जनता का अपार समर्थन

बरघाट यशोः- प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख 17 नवंबर नजदीक आ गई है, समय कम बचा है इस बात को ध्यान में रखते हुए भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले ने चुनाव प्रचार के दूसरे अंतिम दिन के जनसंपर्क कार्यक्रम में 22 गावों का दौरा किया। भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम को आम जनता से आपार समर्थन मिल रहा है, जिसके पीछे का मु य कारण कमल मर्सकोले की साफ और ईमानदार छवि और भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ कीये गए जनहितकारी योजनाएं जैसे लाडली लक्ष्मी योजना जिसके तहत महिलाओं के लिए हर मास आने वाली किस्त मिलती है, लाडली लक्ष्मी योजना भी है। भाजपा विधानसभा चुनाव में धान 3100, गेहूं 2700 और तेंदूपत्ता 4000 रूपये प्रति बोरा की जाने की गारंटी दे रही है, ये गारंटी प्रदेश के किसानों की तरह ही बरघाट विधानसभा क्षेत्र की जनता को भी आकर्षित कर रही है जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिलने की उ मीद है।

कमल मर्सकोले ने जनसंपर्क संबोधन के दौरान कहा की ÷भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाम के दौरान अनगिनत विकास कार्य किए हैं वहीं कांग्रेस ने सभी जनहितकारी योजनाओं को विपक्ष में रहते हुए बाधित करने का कार्य किया है। विपक्षी उ मीदवार को पता है की वह विधानसभा चुनाव हार रहे हैं इसलिए



विपक्षी उ मीदवार बरघाट विधानसभा क्षेत्र की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन बरघाट की जनता विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को नकारकर आगामी 17 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा के चुनाव चिह्न कमल का बटन दबाकर बरघाट विधानसभा क्षेत्र रिकॉर्ड मतों से भाजपा को जिताएगी।

बरघाट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी कमल मर्सकोले का जनसंपर्क कार्यक्रम मंगलवार को 21 गावों डुंगरिया, नंदौरा, कल्याणपुर, अगरवाड़ा, अंखीवाडा, आष्टा, भुर्सीटोला, पिपरिया, पनवास, अमुरूला, धपारा, तिघरा, गंगेरुआ (जनसंपर्क और जनसभा कार्यक्रम), मोहगांव, सरेखा, दौंदीवाड़ा, पांढरवानी, बिहरोली, जाम, इंदौरी और अंतरा में आयोजित किया गया।

# ये चुनाव नशों के सौदागर और बच्चों के उज्जवल भविष्य को गढ़ने वालों के बीच-भाजपा युवा मोर्चा

सिवनी यशोः-यह चुनाव आपके बच्चों के भविष्य का है। यह चुनाव युवाओं को एक नई दिशा और उनके सपनों को साकार करने का है। आपकी एक त्रुटि आपके बच्चों के साथ ही इस नगर, इस जिले, इस प्रदेश और इस देश के साथ की गई त्रुटि साबित हो सकती है,` योंकि कांग्रेस के रूप में एक ऐसा उद्दंड गिरोह चुनावों के माध्यम से आपके बच्चों की शिक्षा और संस्कार के साथ ही आपकी संस्कृति को तबाह करने का मंसूबा लेकर उतरा है। जिसमें सामाजिक बुराइयां कूट-कूट कर भरी हुई हैं। जो सिर्फ भ्रष्टाचार के पैरोकार नहीं है बल्कि जुआं, सट्टा और शराब से भी अधिक खतरनाक नशों के सौदागर हैं। कांग्रेस के रूप में एक एसा गिरोह आपके बच्चों के भविष्य को चौपट करने का सपना संजोये हुए हैं जिन्हें अराजकता, अपराध और आतंकवाद पसंद है। अतः जिले के सभी युवाओं, नव मतदाताओं के साथ ही उनके परिजनों से भी विनम्र आग्रह है कि वे इन चुनाव में भाजपा के रूप में एक ऐसी पार्टी को चुने जो युवाओं, बच्चों और देश का नया भविष्य गढने के लिए संकल्प बद्ध है। इस आशय की बात भाजपा युवा मोर्चे के जिला अध्यक्ष श्री युवराज सिंह राहंगडाले द्वारा कही गई।

***विकास बनाम बंटाधार के बीच चुनाव***

युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष श्री भुवनेश कुल्हाडे द्वारा कहा गया कि, जो लोग खड़ी गाड़ी से पेट्रोल चुरा लेते हैं , वे आज सुशासन और सुराज का ढिंढोरा पीट रहें है। जबकि इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब और जहां-जहां कांग्रेस को सत्ता मिली इन्होंने लोगों को लूटने मे कोई कसर नहीं छोडी। इसलिए कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी भी माना गया है। केंद्र में जब उनकी सरकार थी तो उन्होंने 20 लाख करोड रुपए के घोटाले किए। 15 महीने कमलनाथ को मु यमंत्री बनने का अवसर मिला तो पूरे प्रदेश को लूट के अड्डे में बदल दिया गया और आज नगर पालिका में इन्हें शासन करने का अवसर मिला तो नगर का बंटाधार करते हुए कमीशन खोरी के नए रिकॉर्ड कायम हो रहे हैं।

***ये चुनाव कर्म भूमि मे न्याय युद्ध***

युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष श्री ऋषभ चोरसिया द्वारा कहा गया कि, कांग्रेस का चरित्र रहा है कि भ्रष्टाचार की भट्टी में, नफरत की आग लगाकर, सांप्रदायिकता की रोटी सेंकना और समाज को बांटना। जबकि भाजपा सबका साथ सबका विकास की राजनीति करती है। लोकसेवा ही भाजपा का धर्म है। ये चुनाव भाजपा के लिए कर्मभूमि में न्याय युद्ध की तरह हैं।

***भाजपा के पास राम का विचार, औरंगजेब कांग्रेस का आदर्श**

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कहा गया कि, हम राम के विचार को लेकर चलते हैं जबकि औरंगजेब कांग्रेस का आदर्श है। कांग्रेस देश को तोड़ने वाली राजनीति कर रही है । उसे हर कीमत पर सत्ता चाहिए पूरी कांग्रेस गांधी परिवार की निजी प्रापर्टी बन गई है। कांग्रेस वोटों के लिए देश को तोड़ने पर आमदा है । कांग्रेस द्वारा पूरी बेशर्मी से समाज को जातियों और संप्रदाय के आधार पर बांट कर



वैमनस्यता फैलाई जा रही है। जो देश की एकजुटता के लिए खतरा है। कांग्रेसी अपने आकाओं को खुश करने के लिए कुछ भी कर गुजरने से परहेज नहीं करते हैं । यह देश के लिए चिंता की बात है और युवा वर्ग इस बात को समझ रहा है। इन चुनावों में कांग्रेस को सबक सिखाया जाएगा।

# ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दीपावली मनायी गयी



सिवनी यशोः- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिवनी के शांति शिखर भवन में दीपावली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । दिवाली अर्थात राम जी के वनवास के पश्चात अयोध्या वापस आगमन का यादगार पर्व के अवसर पर श्री राम, लक्ष्मण और रावण से संबंधित सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई एवं श्री लक्ष्मी श्री नारायण की सुंदर झांकियां सजाई गई। इस अवसर पर दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी रामेश्वरी दीदी ने कहा कि जिस प्रकार दिवाली के पूर्व घर के कोने-कोने की सफाई इस भावना से करते हैं कि स्वच्छता होगी तो श्री लक्ष्मी जी का आगमन होगा। उसी प्रकार हमारे मन में ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध, दुर्भावना रूपी जाल लगे हैं, जब हम उसे साफ करेंगे , तब ही संतोष रूपी धन का आगमन हमारे जीवन में होगा और हम सुखमयी दुनिया का आनंद ले पाएंगे। सिवनी जिले की प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिट्टी का दीपक तो हम जलाते हैं परंतु साथ-साथ अपने मन में आध्यात्मिक ज्ञान घृत और योग साधना से आत्मा की ज्योति जलाएं , तभी अंतर्मन का अंधियारा समाप्त होगा, और जीवन में श्री लक्ष्मी तथा श्री नारायण के समान दिव्य गुणों का वास होगा और स्वर्णिम दुनिया का आगमन हो सकेगा। ? इस प्रकार सुंदर गीतों एवं नृत्य के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए स्वर्गीय आनंद का अनुभव किया गया।

## दीपोत्सव के माध्यम से मतदाताओं को दिया गया मतदान का संदेश



सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन को लेकर जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां मैदानी स्तर पर सतत् रूप से जारी है।जिला प्रशासन द्वारा कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में सभी वर्गों के मतदाताओं को जोडते हुये आगामी 17 नव बर को अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है।

इसी क्रम में दीपोत्सव के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की कार्यवाही भी मतदान केन्द्रों में आयोजित की गई। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली तथा नारे लेखन द्वारा भी 17 नव बर को मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। इसी क्रम में श्रम विभाग द्वारा संगठित/असंगठित क्षेत्रो के श्रमिकों से सतत रूप से संपर्क कर सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही नियोक्ताओं को मतदान दिवस के लिए अवकाश घोषित करने के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

# लाड़ली बहनों का राकेश पाल को मिला प्रचंड - समर्थन





केवलारी यशोः- बुधवार 14 नवंबर को केवलारी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने विधानसभा मु यालय केवलारी नगर में भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान उन्हें क्षेत्र की लाड़ली बहनों का प्रचंड समर्थन मिला। हज़ारों की तादाद में मातृशक्ति ने उनके साथ नगर में चुनावी जनसंपर्क किया ।

भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने कहा कि केवलारी की मातृशक्ति उनके साथ है, केवलारी में विकास की जो हवा बह रही है वो जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से शिवराज सरकार ने जो महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए कार्य किया है वह अद्भुत है और इससे प्रदेश की आधी आबादी विकास की दौड़ में शामिल होकर प्रदेश को आर्थिक संपन्नता के साथ प्रदेश के चातुर्दिक विकास में सहभागिता प्रदान करेंगी ।

उन्होंने कहा भाजपा जब पुनः प्रदेश में सरकार बनाएगी तो लाड़ली बहना योजना की किस्त 3000 हज़ार हो जाएगी इतना ही नहीं लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों को पक्का मकान भी दिया जाएगा, उन्हें आर्थिक सक्षमता प्रदान करते हुये उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जायेगा ।

राकेश पाल सिंह ने कहा भाजपा का संकल्प है कि किसानों से गेहूं को 2700 रुपए क्विंटल और धान को 3100 रुपए क्विंटल ख़रीदा जाएगा, और तेंदू पत्ता का बोरा 4000 हज़ार रुपए का ख़रीदा जाएगा।

नगर भ्रमण के दौरान भाजपा प्रत्याशी राजे पाल सिंह के साथ बड़ी सं या में महिलाएँ के साथ साथ युवा भी रहे है, इस दौरान महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में जम कर नारेबाज़ी की। सभी महिलाएँ भाजपा जा झंडा पकड़ कर राकेश सिंह के समर्थन में नारेबाज़ी करती नज़र आयीं।

## निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता न होने पर संबंधितों को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व छोडना होगा क्षेत्र

### प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी क्षितिज सिंघल ने जिले में विधानसभा निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए आयोग के दिशानिर्देशानुरूप दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के तहत आदेश जारी कर जिले के राजस्व सीमा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 114-बरघाट, 115-सिवनी, 116-केवलारी, 117-लखनादौन के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा में ऐसे व्यक्तियों को जो निर्वाचन संपन्न कराने हेतु उस क्षेत्र से आयें हैं, जो उस क्षेत्र के मतदाता नहीं है को मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व अर्थात 15 नव बर 2023 की सायं 06:00 बजे से मतदान समाप्ति तक संबंधित क्षेत्र को छोडने के आदेश दिये गये हैं।

उक्त प्रतिबंध से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत चुनाव कार्यो में संलग्न अधिकारियों, विधि एवं व्यवस्था में पुलिस कर्मी, निर्वाचन लडने वाले अ यर्थी तथा निर्वाचन अभिकर्ताओं पर लागू नही है। यह प्रतिबंध अन्य किसी नियम या आदेश के प्रतिबंध के अतिरिक्त होगा। यह आदेश एकपक्षीय पारित किया गया है। उल्लंघन करने वाले पर दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही अभियोजित की जायेगी।

## भगवान जगन्नाथ मंदिर में छप्पन भोग लगाकर अन्नकूट मनाया



सिवनी यशोः- नगर के सुभाष वार्ड स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को भगवान को छप्पन भोग लगाते हुए अन्नकूट का भोग लगाया व विधि विधान से पूजा पाठ कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया। गजेंद्र तिवारी ने बताया कि दीपावली के दूसरे दिन अन्नकूट मनाया जाता है। मंदिर में अन्नकूट का आयोजन कई वर्षो से सतत रूप से जारी है। मंदिर पुजारी सतीश शु ला ने आज भगवान जगन्नाथ जी की विधि विधान से पूजा पाठ की।

इस मौके पर गजेंद्र गणेशी तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, रुपेश तिवारी, शुभम पाठक, वीणा पाठक, रामपुरी तिवारी, कांति पाठक, स्वाति-दीपक तिवारी, गुंजन मिश्रा, रविंद्र तिवारी, प्रियंका तिवारी, कांति पाठक, मौली मिश्रा, पूनम-योगेंद्र मिश्रा, पवन तिवारी, रश्मि दुबे, ममता दुबे आदि ने अन्नकूट की पूजा कर भगवान को छप्पन भोग लगाया।

## मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को कराना होगा पूर्व प्रमाणित

सिवनी यशोः- मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए एक ही चरण में 17 नवंबर को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा तय कर दी है। प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

## ठाकुर रजनीश सिंह ने किया अनेक स्थानों में जनसंपर्क



सिवनी यशोः- केवलारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 116 से इंडियन नेशनल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने 14 नवंबर को कान्हीवाडा ब्लॉक एवं केवलारी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पलारी तिराहा, डूंडा सिवनी बरसला, बिछुआ लोपा, झगरा,चोर पिपरिया, चीचबंद,बंजर, पाथरफोडी,ढुटेरा,चंदरूटोला,कालीमाटी, ,धानागाडा,सरेखा,खैरी,मुनगापार का जनसंपर्क दौरा किया। जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम के दौरान बड़ी सं या में ग्रामीण जनों ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में कांग्रेस की रीती निति एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया।दौरा कार्यक्रम में ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने प्रत्येक ग्रामों का भ्रमण कर माताओं बहनों भाइयों एवं बुजुर्ग जनों से मुलाकात कर आर्शीवाद प्राप्त किया

इस अवसर पर साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंडलम से टर बूथ कांग्रेस कमेटी बी. एल. ए. युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस NSUI सेवादल तथा सभी प्रकोष्ठो के पदाधिकारी कार्यकर्ता वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं समस्त कांग्रेसजनों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

## बैंक खाते की ईकेवायसी करायें किसान

सिवनी यशोः-जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल, दिनांक 08 नव बर 2023 के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन अवधि दिनांक 01 दिस बर 2023 से 19 जनवरी 2024 तक धान उपार्जन कार्य किया जाना है। जिले में पंजीकृत किसान सं या 62790 है। शासन द्वारा किसानों के खाते में 01/- का ट्रांजे शन किया गया है निमें से 592 किसानों का बैंक खाता आधार से लिंक नही होने एवं अन्य त्रुटियों के कारण 1 /- का भुगतान फेल हो गया है।

अतः सभी छुटे हुए शेष किसान बंधुओं से अपील है कि अपने बैंक में जाकर बैंक खाता में ईकेवायसी आवश्यक रूप से कराये, ताकि बैंक खाते में भुगतान की कार्यवाही शासन द्वारा की जा सके। घोषित उपार्जन नीति अनुसार धान विपणन वर्ष 2023 - 24 में शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके।

# लाड़ली बहनों ने पति के हाथों में रचाई कमल मेहंदी

## लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को संबल देने का कार्य किया



सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा दीपावली के अवसर पर कमल मेहंदी अभियान शुरू किया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया के आव्हान पर जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके के नेतृत्व में महिला मोर्चा सिवनी के सभी मडंल अध्यक्षों द्वारा दीपावली पर अपने अपने क्षेत्र में सभी लाड़ली बहनों से अपने पति के हाथों पर कमल मेहंदी रचाने का आग्रह किया गया था।

महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला जिले भर की हजारों बहनों ने दीपावली त्योहार पर अपने पति के हाथों पर कमल मेहंदी रचाई।भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने इस आह्वान को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। इस आह्वान का लाड़ली बहनों में खासा उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने अपने पति के हाथों में कमल मेहंदी रचाई। इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि लाड़ली बहना योजना मध्यप्रदेश की महिलाओं को संबल देने वाली योजना है। लाड़ली बहना सिर्फ योजना नहीं है, बल्कि गरीब परिवारों की आर्थिक रूप से मजबूती देने की शुरूआत भी है। योजना से बहनों के साथ ही उनके परिवारों को भी बड़ा आर्थिक स बल मिला है। इससे न केवल महिलाओं का जीवन बदल रहा है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।



# गुरुकुल ने किया संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत का स मान

## अंतराष्ट्रीय स्तर पर स मान पाना गौरवशाली पल, इसके असली हकदार आप-नरेश सिंह राजपूत

बरघाट यशोः- ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट में संस्था के प्रबंध निदेशक एवं ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के सचिव नरेश सिंह राजपूत का पालक शिक्षक संघ, गुरुकुल प्राचार्य, शिक्षकों तथा स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स मान समारोह आयोजित कर किया गया।

हाल ही में वैश्वीकरण और आर्थिक विकास विषय पर आधारित 28वां भारत-नेपाल मैत्री शिखर स मेलन और दक्षिण एशियाई इंस्पिरॉन इंटरनेशनल लीडरशिप अवार्ड-2023 नेपाल काठमांडू में आयोजित हुआ था। मध्यप्रदेश, भारत से ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के सचिव एवम प्रबंध निदेशक गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट नरेश सिंह राजपूत को भारत में शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक विकास गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, शानदार उपलब्धि और उत्कृष्ट योगदान के आधार पर ''भारत-नेपाल शिक्षा विभूषण पुरस्कार -2023'' से स मानित किया गया।

ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन



समाजसेवी संगठन विगत 30 वर्ष से समाज के जरूरतमंद लोगों को उनकी आवश्यक सुविधाऐं उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कौशल विकास, जल जीवन मिशन, रोजगार, स्वरोजगार सहित अन्य विषयों पर संगठन द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। वर्तमान में 7 से अधिक राज्यों में कार्य कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में संगठन द्वारा कक्षा नर्सरी से 12वीं तक गुरूकुल पब्लिक स्कूल का संचालन, उच्च शिक्षा हेतु एच.आर.गुप ऑफ इंस्टीट्शन, गुरूकुल वोकेशनल एकेडमी, एच.आर. प्लेसमेंट एजेंसी सहित अन्य संस्थानों के माध्यम प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा के सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

संस्था के बोर्ड ऑफडायरे टर सहित प्रबंधन एवं कार्य संचालन में लगे 350 से अधिक लोग कार्य के उत्कृष्ट परिणाम हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। संस्था के प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत द्वारा अपनी टीम के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए हमेशा उत्कृष्ट परिणाम लाने हेतु प्रयास किये गये हैं।

संस्था द्वारा अपने गठन से अब तक समाज के मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों को दिये गये सहयोग के चलते 30 से अधिक जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पुरूस्कार व स मान प्राप्त हैं। काठमांडू नेपाल में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री शिखर स मेलन में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नरेश सिंह राजपूत ने जिले सहित प्रदेश व देश का मान बढ़ाया है।

नरेश सिंह राजपूत ने बच्चों और शिक्षकों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि उपलब्धियां प्राप्त करने में कई वर्षो की मेहनत और लगन की आवश्यकता होती है। निरंतर किये गये प्रयास कभी असफल नहीं होते हैं और एक दिन सुनिश्चित सफलता प्राप्त होती है। आपकी सफलता में परिवार सहित आपके साथ कार्य कर रही लगनशील टीम का योगदान होता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स मान पाना एक गौरवशाली पल होता है, आपकी ओर से प्रतिनिधित्व करना उस पल को अविस्मरणीय बना देता है। इस स मान के असली हकदार आप सभी हैं।

स मान समारोह में पालक शिक्षक संघ से कुंवर सिंह राजपूत, विष्णु प्रसाद साहू, अनिरुद्ध तिवारी, प्राचार्य श्रीमती ज्योति सिंह राजपूत, सहप्राचार्य नितेश गौतम, कॉर्डिनेटर्स दीक्षा पटले एवं भाव्या राजपूत, निशाद खान खेल अधिकारी तथा समस्त शिक्षकगण की और से श्री राजपूत को स मान समारोह में स मानित किया गया। सहित स्टॉफ एवं स्कूल हैड व हाउस हैड द्वारा समस्त विद्यार्थियों की ओर भेंट देकर स मान किया गया।

# बागरी समाज की पीठ पर खंजर घोंपने वाले कांग्रेसी, आज स्वयं को बागरी समाज का मसीहा बता रहे है - राजा बघेल



सिवनी यशोः- बागरी समाज के हितो को अपने पैरो तले रौंदने वाले कांग्रेसी आज वोटों के खातिर स्वयं को बागरी समाज का हितैषी और मसीहा साबित कर रहे हैं । लेकिन ये लोग भूल गये है कि बागरी समाज पूरी तरह समझदार है और अपने हितों की रक्षा करना जानता है । बागरी समाज के बंधुगण स्वविवेक से निर्णय लेने के लिये सक्षम और स्वतंत्र है । ऐसे में कांग्रेसी नेता बागरी समाज के मतदाताओ में भ्रम फैलाने और उन्हें गुमराह करने से बाज आये । कांग्रेसियों द्वारा कब कब और किन किन बागरी समाज के वरिष्ठजनों का अपमान करते हुये उन्हें उनके हको से वंचित रखने का कुप्रयास किया गया है, बागरी समाज कांग्रेस के इस इतिहास और कारगुजारियों को कभी भूल नहीं सकता । इस आशय की बात युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजा बघेल एवं नितेन्द्र बघेल गुड्डू द्वारा अपने संयुक्त वक्तव्य में कही गयी ।

अपने वक्तव्य में उक्त नेताओं द्वारा कहा गया कि जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा तक पिछले 73 वर्षो में बागरी समाज के सदस्यों को संपूर्ण स मान देने के साथ ही उन्हें विभिन्न पदों पर नियुक्त भी किया गया है ।भाजपा के जिला संगठन में सदैव बागरी समाज के सदस्य शामिल रहे है यही नहीं समाज के वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नागरिक कीरत सिंह बघेल न सिर्फ चुनाव लड़ चुके है बल्कि भाजपा के जिला अध्यक्ष रहने का भी उन्हें अवसर मिला है और आज भी वे भाजपा की जिला कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य है ।

भाजपा नेता द्वय द्वारा कहा गया कि कांग्रेस द्वारा बागरी समाज के सदस्यों को किस तरह अपमानित और पीडित किया गया है यह इसी से समझ आता है कि बागरी समाज के वरिष्ठ नेता स्व. दिलीप बघेल के साथ कांग्रेस के वर्तमान प्रत्याशी के चाचा द्वारा उन्हें भरी सभा में गाली गलौच देकर न सिर्फ उन्हें अपमानित किया गया बल्कि उनके साथ हाथापाई भी की गयी । आज जो लोग भाजपा विधायक एवं प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन के ऊपर आरोप लगाते हुये यह भ्रम फैला रहे है कि उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी ब्रजेश सिंह लल्लू बघेल को जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं बनने दिया वे सर्वथा झूठ बोल रहे है` योंकि लल्लू बघेल कानूनी प्रकिया के चलते जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं बन सके थे तथा इन चुनावों में भाजपा विधायक की कोई भूमिका होती ही नहीं है और कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताना कांग्रेसी नेताओं की जि मेदारी है ऐसे में अपनी जि मेदारी निभाने में नाकाम रहने वाले कांग्रेसी अपनी बौखलाहट के चलते भाजपा पर दोषारोपण कर रहे है । जिसे बागरी समाज भली भांति समझ रहा है ।

भाजपा नेता द्वय द्वारा कहा गया कि कांग्रेसी नेताओं ने बागरी समाज के प्रतिष्ठित जनों का उपयोग सदैव वोटों के खातिर किया किंतु अपना मतलब निकल जाने के बाद उनका तिरस्कार करने से वे कभी नहीं चुके । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. हरवंश सिंह जी द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री कीरत सिंह बघेल जो सन 2000 में जिला पंचायत का चुनाव जीतकर अध्यक्ष बनने वाले थे तब हरवंश सिंह द्वारा इन्हें अध्यक्ष नहीं बनने दिया गया, और इसके लिये स्व. हरवंश सिह द्वारा पैसों का भर पूर दुरूपयोग किया गया । ऐसे में कांग्रेस के कुछ नेता जो समाज के स्वयंभू ठेकेदार बने हुये है, वे बागरी समाज को गुमराह करने से बाज आये यही नहीं बागरी समाज के लोग यह भी तय कर चुके है कि कांग्रेस को सबक सिखाना स्व.दिलीप बघेल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी बल्कि समाज के वरिष्ठ सदस्य कीरत सिंह बघेल का सच्चा स मान ी होगा ।

## एक लाख 85 हजार से अधिक लोगों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

### 2 लाख 69 हजार 297 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये

भोपाल - मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता 9 अे टूबर से पूरे प्रदेश में प्रभावशील है। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा शस्त्र लाइसेंस, विस्फोटक पदार्थों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में अब तक आपराधिक प्रवृत्ति के 1 लाख 85 हजार 354 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही 48 हजार 83 गैर जमानती वारंटों की तामीली करा ली गई है।

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 69 हजार 297 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। 758 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान अब तक 3 हजार 135 अवैध हथियार, 759 कार्टिज, 3 हजार 920 विस्फोटक पदार्थ एवं 1 बम भी मिला हैं। ये सभी सामग्रियां तत्काल जब्त कर ली गई हैं। प्रदेश में कुल 376 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 712 आंतरिक नाकों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। प्रदेश में 846 लाईंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 996 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 109 क्विक रिसपांस टीम ( यआरटी) कार्य कर रही हैं।

## मतदान दलों से बेहतर समन्वय रखें से टर अधिकारी - डॉ. सिडाना

### समीक्षा बैठक में कले टर के निर्देश

मंडला - से टर अधिकारियों की बैठक में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन में से टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी से टर अधिकारी अपने मतदान दलों से बेहतर समन्वय रखें। सामग्री वितरण स्थल पर निर्धारित समय पर मतदान दलों के सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। पॉलीटें नक सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, संयुक्त कले टर सीएल वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।





जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी से टर अधिकारी मतदान दलों को प्रदाय की गई सामग्री का मिलान कराने के उपरांत निर्धारित बस में बैठाकर उन्हें मतदान केन्द्रों के लिए रवाना करें। मतदान दलों के सकुशल पहुंचने पर ओके रिपोर्ट भेजें। कले टर ने कहा कि मतदान दिवस 17 नव बर को मतदान से पूर्व सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल एवं सीआरसी की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं तथा निर्धारित समय पर मतदान प्रारंभ कराएं। सभी रिपोर्ट समय पर भेजना से टर अधिकारियों की जि मेदारी है। समय-समय पर मतदान प्रतिशत तथा मतदान समाप्ति समय के पूर्व की जाने वाली नियमानुसार कार्यवाही की रिपोर्ट भी क यूनिकेशन टीम को उपलब्ध कराएं। सभी से टर अधिकारी अपने मतदान केन्द्रों की उपलब्ध व्यवस्थाओं के संबंध में सभी ज़रूरी जानकारी प्राप्त करें। कले टर ने सीसीटीव्ही, वेबकास्टिंग तथा वाहनों की उपलब्धता के संबंध में भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए।

## वैष्णो देवी तीर्थ सीलादेही में होगा विशेष आयोजन

सिवनी यशोः- जिला मु यालय से नागपुर रोडपर स्थित ग्राम सीलादेही की रमणिक पहाड़ियों पर विराजमान माता वैष्णों देवी जागृतपीठ में इन दिनों मां अन्नपूर्णा देवी के दर्शन करने बड़ी सं या में शहर व गांव से श्रद्धालुजन पहुंच रहे है।

विगत कई वर्षो से बंजर पड़ी इस पहाड़ी पर समिति द्वारा लगाए गए पौधे वृक्ष बन चुके है और धीरे-धीरे यह क्षेत्र रमणिक, धार्मिक, पर्यटन तीर्थ स्थल में तब्दील हो रहा है। आगामी पांच नवंबर आंवला नवमीं के विशेष अवसर पर इस तीर्थ स्थल में महिलाओं द्वारा की जाने वाली पूजा के लिए समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई है, जहां प्रकांड पंडितों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ पूजन का अवसर सभी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

ज्ञात रहे कि धनतेरस के दिन से इस तीर्थ स्थल पर महा आयोजन आरंभ हो चुके है, जिसका समापन आगामी 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेले के साथ होगा, जहां मां अन्नपूर्णा को श्रद्धालुओं द्वारा उपलब्ध कराए गए 56 भोग अर्पित किये जायेंगे। इसी दिन विशाल मेला भी इस तीर्थ स्थल पर लगता है, जहां न केवल जिला मु यालय के श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ लेते है बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों के भी बड़ी सं या में महिला-पुरूषों का आगमन होता है।



### कर सकते है 56 भोग अर्पित

18 दिवसीय इस महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे से मंदिर प्रागण वैष्णो देवी धाम सीलादेही में मां अन्नपूर्णा देवी की पूजा के उपरांत उन्हें 56 भोग का अर्पण किया जा रहा है। सहज संतोष आश्रम समिति एवं अन्नपूर्णा उत्सव समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अनुरोधकिया गया है कि वे यदि मातारानी को 56 भोग का अर्पण करना चाहते है तो दिनांक एवं पूजन की तारीख सुनिश्चित कर उक्त कार्य कर सकते है।

## मतदान एवं मतगणना को लेकर शुष्क दिवस के आदेश जारी

सिवनी यशोः- मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 मद्देनजर मतदान दिवस 17 नव बर 2023 को दृष्टिगत रखते हुए 15 नव बर 23 को शाम 6 बजे से लेकर 17 नव बर 23 शाम 6 बजे तक (48 घंटे) एवं मतगणना दिवस 3 दिस बर 2023 को स पूर्ण दिवस (एक दिन) का शुष्क दिवस घोषित किया है।

उक्त शुष्क दिवस अवधि में जिले की मदिरा विक्रय की समस्त क पोजिट मदिरा दुकाने, बार लायसेंस एफ.एल-3 (क), विदेश मदिरा भाण्डागार सिवनी, देशी मदिरा भाण्डागार सिवनी एवं लखनादौन से किसी भी प्रकार की मदिरा का विक्रय / वितरण अथवा प्रदायगी को प्रतिबंधित किया है। साथ ही जिले के स पूर्ण विधानसभा मतदान क्षेत्र में किसी भी होटल, आहार गृह, गैर मालिकाना` लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्राकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय / वितरण प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।

## 5507 अधिकारी-कर्मचारियों ने डाकमत पत्र से किया मतदान 453 वरिष्ठ एवं पीडब्लूडी मतदाताओं ने घरों से किया मतदान

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन कार्यों में संलग?न अधिकारी - कर्मचारियों को डाकमत पत्र के माध?यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई थी। प्राप?त जानकारी अनुसार 6 से 11 नव बर के मध्य आयोजित हुये मतदान में 5507 अधिकारि-कर्मचारियों द्वारा डाकमत पत्र से अपने मताधिकार का उपयोग किया गया है। जिसमें बरघाट विधानसभा क्षेत्र के 1163, सिवनी विधानसभा क्षेत्र के 2067, केवलारी विधानसभा क्षेत्र के 1201 तथा लखनादौन विधान सभा क्षेत्र के 1076 कर्मचारियों ने डाकमत पत्र के माध?यम से मतदान किया है। इसी तरह निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष?ठ नागरिकों एवं पीडब्लूडी मतदाताओं के घर पहुंच कर चलित मतदान दल द्वारा मतदान कराया गया। फॉर्म12 डी प्रस्तुत कर 335 वरिष्ठ नागरिकों एवं 118 पीडब्लूडी मतदाताओं सहित कुल 453 मतदाताओं द्वारा इस सुविधा का लाभ उठाया है।

## सी-विजिल ऐप से आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की 9 हजार 980 शिकायतें निराकृत

### 100 मिनट के अंदर सभी शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

भोपाल - मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की अब तक 9 हजार 980 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ये सभी शिकायतें सी-विजिल ऐप के माध्यम से मिली हैं और इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया है।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 9 अे टूबर से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की जानकारी त्वरित मिल सके, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल ऐप तैयार किया गया है। यह ऐप आदर्श आचरण संहिता के लागू होते ही सक्रिय है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से कर सकता है। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका त्वरित निराकरण किया जा रहा है। श्री राजन ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर पर जाकर कोई भी नागरिक अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड कर सकता है।

## मतदान दिवस की तैयारियों की कले टर ने की समीक्षा

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 आगामी 17 नव बर को मतदान दिवस को लेकर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गये। सौंपे गये दायित्वों के संबंध में मंगलवार 14 नव बर को कले टर श्री सिंघल द्वारा अधिकारियों की बैठक लेकर दायित्वों के संदर्भ में तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

बैठक में कले टर श्री सिंघल द्वारा मतदान सामग्री का वितरण एवं वापसी की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, कानून व्यवस्था, क युनिकेशन प्लान, संवेदनशील मतदान केन्द्रों में की अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था व्यय निगरानी, शिकायत निवारण सहित निर्वाचन आयोग को जाने वाली जानकारियों के संदर्भ में चर्चा कर संबधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग के दिशा-निर्देशानुसार समयसीमा में सभी कार्यवाही पूर्ण की जाये। बैठक में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी एल चिनाप, उपजिला निर्वाचन अधिकारी वंदना जाट सहिंत सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कर उन्हें तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाएं

क यूनिकेशन टीम की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत गठित क यूनिकेशन टीम की बैठक में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन में सूचनाओं का अत्यधिक महत्व होता है। सही एवं आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कर उन्हें तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाना क यूनिकेशन टीम की जि मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री वितरण, मतदान दलों की रवानगी, दलों का मतदान केन्द्रों में पहुंचने, मॉकपोल, मतदान का प्रतिशत सहित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए रिटर्निंग ऑफिसर, से टर अधिकारी तथा मतदान दल के बीच क यूनिकेशन टीम एक महत्वपूर्ण कड़ी है।




कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 16 नवंबर को सामग्री वितरण, दलों की रवानगी तथा मतदान दलों का मतदान केन्द्रों में पहुंचने के साथ-साथ मतदान दलों के लिए व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारियां प्राप्त की जाएंगी। इसी प्रकार मतदान दिवस 17 नवंबर को मॉकपोल, सीआरसी, मतदान प्रारंभ, समय-समय पर मतदान प्रतिशत तथा मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय तक परिसर में उपस्थित मतदाताओं को पर्ची प्रदान की गई आदि की जानकारी देनी होगी। साथ ही मतदान उपरांत मतदान दलों की रवानगी तथा सामग्री वापसी की जानकारी भी क यूनिकेशन टीम को एकत्र करनी होगी। कले टर ने कहा कि क यूनिकेशन टीम के सभी सदस्य सौंपे गए दायित्वों का बेहतर निर्वहन करें तथा निर्वाचन कार्य की गोपनीयता बनाए रखें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा, हुनेन्द्र घोरमारे, उपसंचालक कृषि मधु अली सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## मतदान करें और कराये - चैंबर्स की अपील



सिवनी यशोः- जिले के आम मतदाताओं तथा चैंबर के समस्त सदस्यों सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों से जुड़े समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से आग्रह है कि, लोकतंत्र के इस महापर्व में समस्त व्यापारी बंधुगंण, स्वयं तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों सहित बढचढ कर मतदान प्रक्रिया में शामिल होऐं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि, अपने-अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत सभी कर्मी भी अपना मतदान कर सकें। इस आशय की अपील चैंबर्स आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष संजय कुमार मालू द्वारा की गई।

श्री मालू ने कहा कि, भारत विश्व का सबसे बड़ा और सबसे मजबूत लोकतंत्र है। भारत में चुनावों को लोकतंत्र का महापर्व भी माना जाता है। चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करना प्रत्येक मतदाता का न सिर्फ दायित्व है बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। हम सभी को आगामी 17 नवंबर को मध्य प्रदेश विधानसभा के होने जा रहे चुनाव के लिए अपना मत देने का अधिकार और कर्तव्य का पूरी निष्ठा से पालन करना है।

## 15 की शाम 6 बजे से ध्वनि विस्तारक यंत्रों से चुनाव प्रचार होगा बंद

### केवल घर-घर दी जा सकेगी दस्तक

मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन का ध्वनि विस्तारक यंत्रों से चुनावी प्रचार प्रसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व बुधवार 15 नव बर की शाम 6 बजे से बंद होगा। इस अवधि के बाद चुनाव लड़ रहे उ मीदवार या राजनैतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस एवं आम सभायें आयोजित कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे। इन 48 घंटों के दौरान उ मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक मतदान के बंद होने के ठीक पूर्व के 48 घंटों के दौरान सार्वजनिक सभाओं, लाउड स्पीकर और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। इस कालावधि के दौरान उ मीदवारों द्वारा निर्वाचन के संबंध में कोई जूलूस एवं सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी और न ही इस तरह की किसी सभा या जुलूस में वो शामिल हो सकेगा अथवा संबोधित कर सकेगा। चल चित्र-यंत्र टेलीविजन या अन्य इसी प्रकार के यंत्र या उपकरणों के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी मामले का जनसाधारण को प्रदर्शन इस दौरान प्रतिबंधित रहेगा।



निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान समाप्त होने के पूर्व के 48 घंटों के दौरान उ मीदवारों या राजनैतिक दलों द्वारा जनसाधारण को आकर्षित करने की दृष्टि से किसी संगीत गोष्ठी, नाट्यअभिनय या अन्य मनोरंजन आमोद-प्रमोद का आयोजन करके अथवा आयोजन की व्यवस्था करके निर्वाचन संबंधी मामले का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। आयोग ने चेतावनी भी दी है कि यदि इन प्रतिबंधों का उल्लंघन किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी और उसे दो वर्ष के कारावास या जुर्माने की अथवा दोनों की सजा से एक साथ दण्डित किया जा सकेगा।

### 55 मतदान केन्द्रों में आज 3 बजे से बंद होगा चुनाव प्रचार

मंडला जिले के 55 मतदान केन्द्रों में 15 नवंबर 2023 की शाम 3 बजे से चुनाव प्रचार-प्रसार बंद हो जाएगा। इनमें बिछिया विधानसभा के 47 मतदान केन्द्र तथा मंडला विधानसभा के 8 मतदान केन्द्र स मिलित हैं। जानकारी के अनुसार जिन मतदान केन्द्रों में आज शाम 3 बजे से चुनाव प्रचार बंद होगा उनमें विधानसभा क्षेत्र बिछिया के मतदान केन्द्र क्रमांक 118, 135, 136, 137, 138, 140, 142, 144, 145, 193, 198, 200, 201, 202, 204, 251, 262, 263, 264, 265, 268, 271, 272, 273, 274, 276, 278, 279, 280, 281, 283, 284, 285, 286, 287, 288, 291, 292, 294, 297, 298, 299, 300, 301, 302, 303 एवं 304 इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र मण्डला के मतदान केन्द्र क्रमांक 65, 66, 67, 69, 70, 107, 108, 130 शामिल हैं।

## मतदान दिवस 17 नव बर को सवैतनिक अवकाश घोषित

मंडला यशोः- निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निजी औधोगिक संस्थानों एवं राजकीय उपक्रमों के ऐसे नियोजित कामगार जो मध्यप्रदेश राज्य के मतदाता हैं, उन्हें मतदान हेतु नियत मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश की पात्रता होगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंडला द्वारा मतदान दिवस 17 नवंबर को जिले के निजी औधोगिक संस्थानों एवं राजकीय उपक्रमों में नियोजित कामगारों को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297